BSES

बीआरपीएल की अनोखी पहल– सोलर सिटी

ऊर्जा मंत्री ने किया द्वारका में *सोलर सिटी का* उद्घाटन, 150 सोसाइटियों में लगाए जाएंगे सौर ऊर्जा के प्लांट्स

सोलर ई–पोर्टल भी लोगों को समर्पित

नई दिल्लीः 7 जनवरी, 2018। दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने द्वारका में *सोलर सिटी* का उद्घाटन किया। यह एक अनोखा रूफ टॉप सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट है, जिसके पहले चरण में द्वारका की 150 सोसाइटियों में सौर ऊर्जा के प्लांट्स लगाए जाएंगे।

इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पारंपरिक सौर ऊर्जा पैनल्स के उलट, यहां अलग–अलग घरों के लिए अलग–अलग सौर पैनल्स नहीं लगाए जाएंगे। बल्कि, ये पैनल्स पूरे अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के लिए संयुक्त रूप से, एक सिंगल पॉइंट इंस्टॉलेशन की तरह काम करेंगे। इन सौर पैनलों की बिजली से पूरे अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स के उपभोक्ता एकसाथ लाभान्वित होंगे और वे सौर ऊर्जा का एकसाथ इस्तेमाल कर पाएंगे।

बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड ने युनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनैशनल डेवलपमेंट यानी यूएस एड और भारत–जर्मन सहयोग जीआईजेड के साथ मिलकर अपनी महत्वाकांक्षी सोलर सिटी पहल लॉन्च की है। इस रूफटॉप प्रोग्राम का लक्ष्य है, दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली में रूफटॉप सौर ऊर्जा की संभावनाओं की तलाशना और उसका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना। द्वारका की सोसाइटियों से शुरू हुई इस मुहिम के रेस्पॉन्स को देखते हुए बीएसईएस के अन्य क्षेत्रों में भी इसका विस्तार किया जाएगा।

दिल्ली के माननीय ऊर्जा मंत्री श्री सत्येन्द्र जैन ने आज इस क्रांतिकारी पहल का उद्घाटन किया। इस मौके पर, माननीय विधायकगण श्री गुलाब सिंह भी मौजूद थे। सीईओ श्री अमल सिन्हा के नेतृत्व में बीआरपीएल के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम वहां उपस्थित थी। इनके अलावा, एमएनआरई, ईईआरएम– दिल्ली सरकार, यूएस एड और जीआईजेड के वरिष्ठ अधिकारी भी वहां मौजूद थे।

बीआरपीएल के सीईओ श्री अमल सिन्हा ने सोलर सिटी पहल के बारे में कहा कि बीएसईएस अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सोलर सिटी हमारे उन्हीं प्रयासों की नवीनतम पहल है। सोलर सिटी पहल का हमारा मकसद है कि हम सोलर रूफटॉप डेवलपमेंट को बढ़ावा देकर अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस पर्यावरण फ्रेंडली मुहिम के दायरे में लाएं और उसमें सोलर रूफटॉप डेवलपर्स की भी आवश्यक भागीदारी हो।

बीआरपीएल सीईओ के मुताबिक– इस कार्यक्रम का एक उद्देश्य यह भी है कि सौर ऊर्जा के लाभ के बारे में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाए, क्वॉलिटी कंप्लायंस पर ध्यान दिया जाए और फाइनैंस उपलब्ध कराने के विकल्प भी तलाशे जाएं।

उपभोक्ताओं को फायदाः

1 किलोवॉट का सोलर पीवी रूफटॉप सिस्टम आमतौर पर प्रतिदिन 4–5 केडब्लूएच बिजली का उत्पादन करता है। इसका अर्थ यह है कि सिंगल पॉइंट डिलिवरी उपभोक्ताओं को इससे अगले करीब 25 वर्षों तक, प्रतिमाह करीब 750 रूपये की बचत होगी। इसके अलावा, एक सोलर प्लांट लगाने के लिए एमएनआरई की ओर से 30 प्रतिशत की सब्सिडी भी उपलब्ध कराई जती है। साथ ही, तय संख्या/ लिमिटेड नंबर के शुरूआती प्रोजेक्ट्स के लिए दिल्ली सरकार की ओर से 2 रूपये प्रति यूनिट की, उत्पादन आधारित इंसेंटिव भी प्रदान की जाती है।

डिस्कॉम को फायदाः

सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से बीआरपीएल को अपने अक्षय ऊर्जा खरीद के लक्ष्यों–– जिसे तकनीकी भाषा में आरपीओ यानी रिन्युएबल परचेज ऑब्लिगेशन के नाम से जाना जाता है–– को पूरा करने में मदद मिलेगी। कंजस्टेड इलाकों में गर्मियों के पीक सीजन में ओवरलोडिंग की समस्या को भी कम करने में सहायता मिलेगी। बिजली लाइनों के रखरखाव व उन्नतिकरण में भी कुछ राहत मिल सकती है।

सोलर पोर्टल व पूर्ण समर्पित सोलर हेल्पलाइनः

उपभोक्ताओं को परेशानीमुक्त व तेज सोलर समाधान सुनिश्चित करने के लिए बीआरपीएल ने एक वेबसाइट व पूर्ण समर्पित हेल्पलाइन भी लॉन्च की है। बीएसईएस की वेबसाइट (www.bsesdelhi.com) पर एक ही जगह पर सोलर पहल से संबंधित सारी सूचनाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वेबसाइट पर ही उपभोक्ता एप्लिकेशन फॉर्म भर सकते हैं, अपने डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकते हैं और अप्लिकेशन पर कहां तक काम हुआ है, उसे ट्रैक भी कर सकते हैं। सोलर पैनलों से संबंधित सारी औपचारिकताएं उपभोक्ता इस पोर्टल पर पूरी कर सकते हैं।

उपभोक्ताओं के लिए एक पूर्ण समर्पित सोलर हेल्पलाइन भी लॉन्च की गई है। बीएसईएस के मौजूदा कॉल सेंटर नंबर 39999707 पर इसके लिए, अन्य लाइनों से बिल्कुल अलग लाइनें उपलब्ध कराई गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं को उनके सवालों व समस्यों का समाधान मिल सके।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनियां बीआरपीएल और बीवाईपीएल रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के बीच संयुक्त उद्यम हैं।